सोमवार
11 सितंबर 2023


# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


नीतीश कुमार के सामने नतमस्तक हों पीएमः ललन
2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

**जी-20 शिखर सम्मेलन समपन्न:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील को सौंपी जी20 की अध्यक्षता, दिया वसुधैव कुटुंबकम का संदेश; बोले पीएम...

# नई वास्तविकताओं के साथ वैश्विक संगठनों में भी सुधार की जरूरत





**एजेंसी/नई दिल्ली**

नई दिल्ली में आयोजित हुए 18वें जी20 शिखर सम्मेलन का रविवार को आखिरी दिन रहा। सम्मेलन के समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अध्यक्षता का निशान ब्राजील को सौंप दिया। हालांकि भारत के पास नवंबर के आखिरी तक जी20 की अध्यक्षता रहेगी। उन्होंने सम्मेलन का समापन करते हुए भी वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा था। सम्मेलन के बाद जो बाइडेन वियतनाम के लिए रवाना हो गए हैं। इस सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली घोषणापत्र को सर्व सहमति के साथ स्वीकार किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सब जानते हैं कि नवंबर तक जी 20 अध्यक्षता की जिम्मेदारी है। अभी ढाई महीने बाकी है। इन दो दिनों में आप सबने ने अनेक बातें यहां रखीं और सुझाव दिए। हमारी जिम्मेदारी है कि जो सुझाव आए हैं उनको एक बार फिर देखा जाए कि उनकी प्रगति में गति कैसे लाई जा सकती है। हमारा प्रस्ताव है कि नवंबर के अंत में जी20 का एक वर्चुअल सेशन और रखें। उस सेशन में समिट के दौरान तय विषयों की समीक्षा कर सकते हैं। इन सबकी डीटेल हमारी टीम आपके साथ शेयर करेगी। उम्मीद है कि आप सब इसके साथ जुड़ेंगे। इसी के साथ जी20 समापन की घोषणा करता हूं। स्वस्ति अस्तु विश्वस्व। संपूर्ण विश्व में आशा और शांति का संचार हो। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि नई वास्तविकताओं के साथ ही अब वैश्विक संगठनों में भी सुधार की जरूरत है। उन्होंने यूएन की संस्थाओं में सुधार की बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा को जी20 की अध्यक्षता सौंप दी है। उन्होंने इसके लिए ब्राजील के राष्ट्रपति को बधाई भी दी। बता दें कि भारत को बीते साल इंडोनेशिया से जी20 की अध्यक्षता मिली थी। फिलहाल जी20 सम्मेलन का तीसरा सत्र चल रहा है। इस सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व क्रिप्टोकरेंसी को लेकर भी चर्चा हुई।

**महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंचे विदेशी मेहमान :** जी20 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन सम्मेलन की शुरूआत होने से पहले विदेशी मेहमान दिल्ली के राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इतिहास में यह पहली बार है, जब पीएम मोदी समेत दुनिया के तमाम ताकतवर नेता महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पहुंचे और सभी ने एक साथ बापू को नमन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजघाट पर जी20 नेताओं की अगवानी की। यहां पर सभी विदेशी मेहमान, महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सबसे पहले कार्यक्रम स्थल पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉजीर्वा पहुंची। पीएम मोदी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को खादी का शॉल पहनाकर स्वागत किया। महात्मा को श्रद्धांजलि देने के बाद नेता लीडर्स लाउंज में 'शांति दीवार' पर भी हस्ताक्षर किया।

## जी20 सम्मेलन के पांच बड़े फैसले

- अफ्रीकन यूनियन को जी20 में शामिल किया गया है। अफ्रीकन यूनियन में अफ्रीकी महाद्वीप के 55 देश शामिल हैं। ऐसे में जी20 जैसे अहम समूह में अफ्रीकन यूनियन के शामिल होने से दुनिया में नई विश्व व्यवस्था का निर्माण होगा, जिसमें विकासशील और गरीब देशों को भी वैश्विक फैसले करने की व्यवस्था में प्रतिनिधित्व मिलेगा।
- जी20 की बैठक में दिल्ली घोषणा पत्र को सर्वसहमति से मंजूर किया गया है, जो कि भारत की कूटनीतिक ताकत का उदाहरण है। इस घोषणापत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों को बनाए रखने, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून, शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाली बहुपक्षीय प्रणाली को बनाए रखने का आह्वान किया गया है।
- भारत, सऊदी अरब, अमेरिका और यूरोप को जोड़ने वाले रेल लिंक प्रोजेक्ट पर सहमति बनी है। इस प्रोजेक्ट को चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का जवाब माना जा रहा है, जो दुनिया के विकासशील देशों को आधारभूत ढांचे के विकास के नाम पर चीन के कर्ज के जाल से बचाएगा।
- प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस बनाने का एलान किया है। इस गठबंधन में भारत, ब्राजील, अमेरिका जैसे देश शामिल हैं। इस गठबंधन के जरिए अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाएगा और कार्बन उत्सर्जन को नेट जीरो करने में काफी मदद मिलेगी।
- हाल के सालों में दुनिया के देशों में एक दूसरे के प्रति विश्वास में कमी आई है। दिल्ली में हो रहे जी20 सम्मेलन में इस विश्वास को फिर से मजबूत करने की कोशिश की गई। खासकर यूक्रेन युद्ध के बाद जो तनाव है, उसे कम करने की कोशिश की गई।

## अहम मुद्दों का समाधान निकाल सकता है यह समूह

जी20 में हिस्सा लेने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन वियतनाम के लिए रवाना हो गए हैं। जो बाइडेन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि इस साल के जी20 शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया है कि यह समूह अपने सबसे अहम मुद्दों का अब भी समाधान निकाल सकता है। महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बाइडन रविवार सुबह वियतनाम रवाना हो गए। बाइडन ने पर एक पोस्ट में कहा कि जब वैश्विक अर्थव्यवस्था जलवायु संकट, नाजुक स्थिति और संघर्ष से जूझ रही है, ऐसे समय में इस साल के शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया कि जी20 अब भी हमारे सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकाल सकता है।

## सब ठीक है, अच्छा ही है : नीतीश कुमार

जी-20 शिखर सम्मेलन के डिनर के दौरान बिहार के सीएम नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच काफी लंबे समय के बाद मुलाकात हुई. इस डिनर के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने देश दुनिया के कई राजनीतिक दिग्गजों से मुलाकात की। इस बात को लेकर खूब चर्चा हो रही है। वहीं, सीएम नीतीश कुमार इस कार्यक्रम को लेकर रविवार को मीडिया से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान कहा कि रात्रिभोज में शामिल होने के लिए एक चिट्ठी आया था तो आ गए। चार घंटों से ज्यादा वो वहां रहे। इस दौरान सभी लोगों को देखा। वही गए और फिर लौट कर आ गए। अब वापस जा रहे हैं। वहीं, उन्होंने रात्रिभोज पर कहा कि सब ठीक है, अच्छा ही है। ऐसा माना जा रहा है कि इस रात्रिभोज में सीएम नीतीश की पीएम मोदी से मुलाकात के बाद दोनों नेताओं की दूरियां थोड़ी कम हुई होंगी। इस बात की चर्चा हर तरफ हो रही है। वहीं, इस रात्रिभोज के दौरान सीएम नीतीश कुमार की एक तस्वीर की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। इस तस्वीर में सीएम नीतीश कुमार को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति बाइडेन के साथ देखा जा सकता है।

## मोदी सरकार बीमार है : शरद पवार

नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अपने देश में ऐसे सम्मेलनों की मेजबानी करना हमारा कर्तव्य है, लेकिन चांदी और सोने की प्लेटें पहली बार देखी गईं। 'वे ऑफ इंडिया' पर अब क्या कहें, मोदी सरकार बीमार है। शरद पवार ने कहा कि देश में पहले भी दो बार ऐसे सम्मेलन हो चुके हैं। ऐसा एक बार प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में और एक बार और हुआ था। अब देश में तीसरी बार सम्मेलन हो रहा है। पहले दो सम्मेलनों में भी दुनिया भर से लोग आए थे, लेकिन तब आज जैसा माहौल नहीं था। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं पढ़ा कि किसी सम्मेलन में चांदी या सोने की थालियां थीं। हालांकि, मैं इस बात से सहमत हूं कि यहां आने वाले अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। यह इस देश के लिए अहम है, लेकिन इस सम्मेलन का इस्तेमाल बुनियादी मुद्दों की बजाय कुछ खास लोगों की महानता को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। पवार ने कहा कि यह कितना उचित है, इस पर आज या कल चर्चा होगी। साथ ही लोग इसके बारे में अपनी राय बनाएंगे।

# भ्रष्टाचार मामले में टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**एजेंसी/नई दिल्ली**



तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू को कथित कौशल विकास निगम घोटाले केस में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कोर्ट ने रविवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। पूर्व मुख्यमंत्री नायडू को 14 दिन राजमुंदरी सेंट्रल जेल में रखा जाएगा। इसको देखते हुए जेल के आसपास धारा 144 लगा दी गई है। उन्हें शनिवार की देर रात मेडिकल जांच के लिए विजयवाड़ा के सरकारी जनरल अस्पताल ले जाया गया था। इससे पहले उनसे लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की गई।

सीआईडी की टीम ने पूर्व केंद्रीय मंत्री नायडू को शनिवार सुबह करीब छह बजे नंदयाल शहर के ज्ञानपुरम स्थित आर के फंक्शन हॉल के बाहर से गिरफ्तार किया था। नायडू को उस समय अरेस्ट किया गया था, जब वह सभी सुविधाओं से लैस अपनी बस में सो रहे थे। एन चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने इस बीच पूरे मामले पर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि नायडू के खिलाफ झूठे केस दर्ज किए। लोग उनके साथ हैं। सीआईडी ने कहा कि एन चंद्रबाबू नायडू ने पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं किया। हमारे सवालों के अस्पष्ट उत्तर देते हुए कहा कि उन्हें कुछ बातें याद नहीं हैं। नायडू से उन नोट फाइल के आधार पर प्रश्न पूछे गए जो इस ह्यकेस डायरीह्व से जुड़े सबूत का हिस्सा हैं, लेकिन उन्होंने सवालों का जवाब देते समय सहयोग नहीं किया और अस्पष्ट रूप से उत्तर दिया कि उन्हें तथ्य याद नहीं हैं। सरकार के सलाहकार एस रामकृष्ण रेड्डी ने पुलिस को आर्थिक अपराध के मामलों में गिरफ्तारी से पहले नोटिस देने की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने कहा कि अगर एफआईआर में आरोपी का नाम दर्ज नहीं है, तो भी नोटिस देने की आवश्यकता नहीं होती है।

आंध्र प्रदेश पुलिस ने कथित कौशल विकास निगम घोटाले में नायडू को शनिवार को मुख्य षड्यंत्रकारी बताया था। ऐसा आरोप है कि इस कथित घोटाले से राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# बीजेपी की नीतियां अमीरों के लिए हैं, गरीबों के लिए नहीं

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बरसीं प्रियंका गांधी

**एजेंसी/टोंक**



साल के आखिर में होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी राजस्थान के दौरे पर हैं। उन्होंने रविवार को राजस्थान के टोंक जिले के निवाई में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियां अमीरों को लाभ पहुंचाने के लिए है न कि गरीबों के फायदे के लिए। पीएम मोदी विदेश दौरे पर जाते हैं और अपने उद्योगपति मित्रों के लिए करार करके आते हैं।

प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार में सिर्फ अमीरों की कद्र है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की नीतियां अमीरों के लिए हैं, गरीबों के लिए नहीं। पीएम मोदी विदेश जाते हैं और आकर कहते हैं कि हमारा सम्मान बढ़ गया है। बाद में हमें पता चलता है कि उन्होंने जाकर अपने उद्योगपति मित्रों के लिए सौदे किए। बड़े बिजनेसमैन को वहां से कारोबार मिल रहा है।

नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन स्थल पर बारिश का कथित तौर पर पानी जमा होने पर टिप्पणी करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि वह मैंने देखा कि जी20 शिखर सम्मेलन जब हो रहा था तो बारिश आई और जहां पर यह सम्मेलन हो रहा है वहां पर सारा पानी फैल गया है। उन्होंने कहा कि मेरे मन में एक बात आई कि शायद जो हमारे देशवासी डर के मारे कह नहीं पा रहे हैं, भगवान ने कह दिया कि अपना अहंकार कम करो, इस देश ने तुम्हें बनाया है। इस देश ने नेता बनाया है, इस देश को आगे रखो। इस देश की जनता को सर्वोपरी बनाओ। प्रियंका गांधी ने दावा करते हुए कहा कि अपने धनवान मित्रों को सरकार की सारी कंपनियां सौंप देते है तो नुकसान कौन उठाता है। जब ये बड़े-बड़े खर्चे करते है तो नुकसान कौन उठाता है। सबसे ज्यादा नुकसान हमारी बहनें उठाती हैं क्योंकि जो पैसे आपकी भलाई के लिये आपके पास आने चाहिए वो नहीं आते।

R. K. INDUSTRIES OF INDIA
RKI
A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines
Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)
Working under Government of Bihar
North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar
Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle
RKI Industry (Under BREDA) Bihar
Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur
Team
R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखेगी यूपी के शहरों की उत्कृष्ट शिल्पकारी

# 2 हजार से ज्यादा एग्जीबिटर्स प्रस्तुत करेंगे अपने उत्पाद

**केटी न्यूज/लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश के स्टार्टअप्स, उद्योगों और सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम (एमएसएमई) व स्थानीय शिल्प कलाओं को अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान दिलाने के लिए 21 से 25 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का आयोजन करने जा रही है।

ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में उत्तर प्रदेश के दो हजार से ज्यादा एग्जीबिटर्स अपने अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इसमें प्रदेश की शिल्पकलाओं के साथ ही नव उद्यमियों की मेधा से सृजित उत्पादों से दुनियाभर के बायर्स तक पहुंच बनाने का प्रयास होगा। इसके अलावा इंटरनेशनल ट्रेड शो परिसर में हॉल ऑफ टाउन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सिलेंस में यूपी के 12 शहरों की उत्कृष्ट शिल्प कलाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में मौजूद हेल्थ एंड वेलनेस सेक्टर के मजबूत आधार को भी इस ट्रेड शो के जरिए दुनियाभर के बायर्स के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

**इन सेक्टर्स के एग्जीबिटर्स प्रदर्शित करेंगे अपने प्रोडक्ट :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान प्रदेश के दो हजार से भी ज्यादा एग्जीबिटर्स अपनी कलाओं के साथ मौजूद होंगे। इनमें एग्रीकल्चर और हॉर्टीकल्चर, डिफेंस कॉरिडोर, ई कॉमर्स, बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विस, एजुकेशन सेक्टर, इन्फ्रा, इंजीनियरिंग और मैन्यूफैक्चरिंग, फिल्म सेक्टर, फूड प्रॉसेसिंग एंड डेयरी प्रोडक्ट, जीआई टैग प्रोडक्ट, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल्स, रिटेल, हेल्थ एंड वेलनेस (आयुष, योग, यूनानी, नेचुरोपैथी), आईटी, आईटीईएस, एमएसएमई, नमामी गंगे और जल शक्ति, ओडीओपी, रिन्यूवेबल एनर्जी और ई-व्हीकल, स्पोर्ट्स सेक्टर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, खिलौना उद्योग, वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स, महिला उद्यम सहित अन्य सेक्टर से जुड़े लोग अपने अपने उत्पादों के साथ इंटरनेशनल ट्रेड शो में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा इस ट्रेड शो के जरिए एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने पर योगी सरकार का सबसे ज्यादा फोकस है।

## पीएम मोदी पर जमकर बरसे जेडीयू राष्ट्रीय अध्यक्ष

# नीतीश कुमार के सामने नतमस्तक हों पीएम: ललन



**केटी न्यूज/नालंदा**

जिले के हरनौत में जेडीयू पार्टी के द्वारा रविवार को कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, मंत्री श्रवण कुमार, नीरज कुमार, सांसद समेत अन्य विधायक शामिल रहे। वहीं, इस कार्यक्रम में ललन सिंह ने पहले कहा कि जी 20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नालंदा खुला विश्वविद्यालय की तस्वीर लगाई गई है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नीतीश कुमार और पार्टी के नेताओं के सामने नतमस्तक होना चाहिए। ललन सिंह ने कहा कि सभी को मालूम है कि नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का काम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया गया है। आज बिहार में नीतीश कुमार के द्वारा किए गए काम को पीएम नरेंद्र मोदी देश और पूरे दुनिया को दिखाने का काम कर रहे हैं। यही नीतीश कुमार की उपलब्धि है। बिहार पहला ऐसा राज्य जहां 20 प्रतिशत अतिपिछड़ो को पंचायती राज में आरक्षण दिया है, जिसका अनुकरण कई राज्यों ने किया है।

आगे जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री भी कभी-कभी अति पिछड़ा बन जाते हैं. गुजरात में कोई अति पिछड़ा वर्ग नहीं है सिर्फ पिछड़ा वर्ग है, जिस पिछड़ा वर्ग में जाति समाज में पैदा हुए वो पिछड़ा वर्ग में भी नहीं था, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री बने तो अपने समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिए और कहते हैं अति पिछड़ा हैं। हम तो ऐसे देखे ही नहीं हैं। पीएम नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि हम चाय बेचते थे, लेकिन किस स्टेशन पर चाय बेचते थे? यह बताइए। आज तक कभी नहीं बोले कि किस स्टेशन पर चाय बेचते थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के ऊपर चुटकी लेते हुए कहा कि देश चलाना मतलब ड्रामा है।

## हमारे देश के सबसे असफल प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी: सहनी



वहीं, दूसरी ओर, बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के मंत्री मदन सहनी जेडीयू के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भागलपुर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में चल रही जी20 बैठक को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश विदेश घूमते रहे हैं फायदा जीरो है। सफल प्रधानमंत्री की सूची तैयार होगी तो पीएम नरेंद्र मोदी सबसे निचले पायदान पर होंगे। जी20 सम्मेलन करवा कर या विदेश घूमकर खुद का समय बर्बाद करते हैं और देश का भी समय बर्बाद करते हैं। मदन सहनी ने कहा कि पिछले नौ सालों में पीएम मोदी ने अलग-अलग देशों का दौरा किया और देश की जनता के लिए कुछ नहीं किया। वह हमारे देश के सबसे असफल प्रधानमंत्री हैं। बता दें कि दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। जी-20 की बैठक 9 और 10 सितंबर दोनों दिन चली। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के पीएम समेत दुनिया भर के कई दिग्गज नेता हिस्सा ले रहे हैं। इसमें तीन विषयों पर सभी नेता बातचीत करेंगे। ये विषय है- वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर। वन अर्थ में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# शिक्षा विभाग में ऐसी अराजक स्थिति कभी नहीं देखी: विजय कुमार

**केटी नयूज/पटना**

❑ नेता प्रतिपक्ष ने सीएम नीतीश कुमार से हस्तक्षेप करने की मांग की

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक और बिहार लोक सेवा आयोग के बीच शिक्षक भर्ती मामले को लेकर चल रही तनातनी और लेटर वार पर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने नीतीश कुमार से हस्तक्षेप करने की मांग की है। भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री को तुरंत इस मामले में पहल करके हालात को कंट्रोल करना चाहिए। इससे बिहार की बहुत बदनामी हो रही है।

रविवार को विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने इस बारे में बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि बीपीएससी और शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारी के के पाठक के बीच जो टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बिहार के शिक्षा विभाग के इतिहास में ऐसी अराजकता की स्थिति कभी नहीं देखी गई। इस पर मुख्यमंत्री को तुरंत पहल करना चाहिए ताकि विवाद खत्म हो और हालात पर नियंत्रण कायम हो सके क्योंकि इससे प्रदेश की बदनामी हो रही है।

इससे पहले बीजेपी के राज्यसभा सांसद और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी ने भी केके पाठक और बीएससी के अध्यक्ष अतुल प्रसाद के बीच विवाद को लेकर नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाठक को नीतीश कुमार संरक्षण दे रहे हैं। दरअसल नीतीश कुमार ने इगो पाल लिया है जिसे वह समाप्त कर नहीं करना चाहते। सुशील मोदी ने आरोप लगाया कि क पाठक ने शिक्षा मंत्री का अपमान किया। इतना ही नहीं अपर मुख्य सचिव ने बिहार के राज्यपाल की स्वायत्तता पर भी सवाल उठाया। लेकिन नीतीश कुमार कुछ नहीं बोले बल्कि समर्थन कर दिया। इससे केके पाठक का मनोबल बढ़ता जा रहा है।



**केके पाठक के निशाने पर बिहार लोक सेवा आयोग :** गौरतलब है कि बिहार लोक सेवा आयोग केके पाठक के निशाने पर है। पिछले दिनों चिट्ठी भेज कर केके पाठक ने बीएससी से कहा था कि राज्य में 1 लाख 70 हजार शिक्षकों की भर्ती में पुराने शिक्षकों को नहीं लगाया जाए। इससे विद्यालय में पठन-पाठन बाधित होता है। केके पाठक ने कड़े शब्दों में पत्र लिखा था। उसके बाद बीएससी अध्यक्ष की ओर से भी पाठक को निशाना बनाते हुए टिप्पणी की गई। बिहार लोकसभा आयोग ने पत्र भेजकर शिक्षा विभाग को बताया कि बीएससी एक स्वायत्त संस्था है। उसे निर्देश देने का काम ना करें। इस पर केके पाठक फिर रंज हो गए। उन्होंने फिर से एक पत्र भेज कर बीएससी को अपने हद में रहने की सलाह दे दी। दोनों संस्थाओं के बीच लेटर वॉर से बिहार की किरकिरी हो रही है।

## सरकार के वादे समय पर पूरे हों इस पर फोकस करिए : तेजस्वी

**केटी न्यूज/पटना**

आरजेडी कोटे के मंत्रियों, पार्टी विधायकों-विधान पार्षदों के साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने रविवार को बैठक की। तेजस्वी यादव के सरकारी आवास 5 देशरत्न मार्ग पर बैठक की गई। इस बैठक को लेकर मंत्री सुरेंद्र राम ने कहा कि 2024 चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक थी। बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत किया जाए। यह निर्देश तेजस्वी यादव ने दिया है। 'इंडिया' गठबंधन का एक ही लक्ष्य है वह है बीजेपी को हराना।

जी20 डिनर में सीएम नीतीश कुमार की पीएम नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात हुई। इस पर मंत्री सुरेंद्र राम ने कहा कि जी20 डिनर में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति भवन से कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण भेजा गया था। उसी कड़ी में नीतीश कुमार दिल्ली गए। डिनर में शामिल हुए। पीएम नरेंद्र मोदी से मिले। इस विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए न कोई कयास लगने चाहिए। कई राज्यों के सीएम वहां पहुंचे थे।



बता दें कि आरजेडी की बैठक में तेजस्वी यादव ने पार्टी के नेताओं से कहा है कि महागठबंधन सरकार के वादे समय पर पूरे हो, इस पर फोकस करिए। जमीन पर सरकार की योजना कितनी सफल हो रही है? इस पर भी बैठक में चर्चा हुई है। बैठक में तेजस्वी यादव ने यह कहा कि महागठबंधन सरकार में सभी दलों में बेहतर ताल मेल रहे, एकजुट रहना है। नेता अपने क्षेत्र में समय दें, जनता से मिलें, समस्याओं को सुनें। यह निर्देश तेजस्वी यादव ने पार्टी सदस्यों को दिया। इसके साथ ही बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने पर भी मंथन हुआ है। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाना है।

## भारी मात्रा में शराब के साथ बीजेपी एमएलए का देवर गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिले के जादोपुर थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम ने कार से शराब की बड़ी खेप यूपी से ले आ रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कार में चार कार्टन शराब को बोनट में छुपाकर रखा गया था। विभाग की टीम ने जादोपुर थाने के ख्वाजेपुर गांव के रहने वाले अशोक सिंह और उसी गांव के उनके साथी हरिकेश साह को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही कार को जब्त कर लिया है।

अशोक सिंह पूर्व सहकारिता मंत्री दिवंगत सुभाष सिंह के भाई और वर्तमान गोपालगंज सदर बीजेपी विधायक कुसुम देवी के देवर है। उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग को इनपुट मिला था कि जादोपुर की ओर से कार से शराब की बड़ी खेप आ रही है। उत्पाद अधिकारी कररिया जीन बाबा के पास जांच करने लगे। इस बीच वह कार पहुंचा। जांच के दौरान बोनट से चार कार्टन शराब मिली। कार सवार ख्वाजेपुर के अशोक सिंह और उसी गांव के हरिकेश साह को गिरफ्तार किया गया है।

## सोता रहा गार्ड और छात्रावास से आधी रात भाग निकलीं 55 छात्राएं

**केटी न्यूज/जमुई**



सोनो स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टाइप चार की सभी 55 छात्राएं छात्रावास से भाग निकलीं। रविवार की रात वार्डन व रात्रि प्रहरी को बिना बताए गेट खोलकर छात्रावास से अपने-अपने घर चली गईं। सुबह तीन बजे के करीब जब वार्डन की नींद खुली तो छात्रावास में एक भी बच्ची मौजूद नहीं दिखी। छात्रावास का गेट खुला था। रात्रि प्रहरी भी अपने कमरे में सो रहा था। इसके बाद छात्रावास में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालांकि, खोजबीन कर तीन बच्चियों को सोनो चौक से वापस छात्रावास लाया गया। सुबह दस बजे तक दो बच्ची चकाई से वापस लाई गईं। रविवार शाम तक एक दर्जन बच्चियों को वापस बुलाया जा सका था। शेष बच्चियां अभी भी छात्रावास नहीं पहुंची हैं।

छात्रावास लौटने वाली छात्राएं अम्बाटांड़ चकाई की सोनाली कुमारी, खुशबू कुमारी, धावाटांड़ की रिंकू मुर्मू, पोंझा चकाई की प्रमिता हेम्ब्रम और बरमोरिया की सलोनी किस्कू ने बताया कि शनिवार दोपहर को ही उन लोगों को खाना मिला था। इसके बाद रात में खाना नहीं मिला। ऐसी घटना बार-बार हो रही है, इसलिए हम सभी बिना किसी को बताए एकसाथ छात्रावास से निकलकर अपने-अपने घर चले गए। इस दौरान छात्राओं ने विद्यालय प्रबंधन व रसोईया पर खाना बनाने में सहयोग करने का दबाव डालने का भी आरोप लगाया है। कहा कि जब तक हम लोग खाना बनाने में सहयोग नहीं करते हैं तब तक खाना नहीं बनता। वहीं, छात्राओं ने छात्रावास के संचालक सह प्लस टू राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सोनो के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार पर इंटरमीडिएट परीक्षा फार्म भरने के नाम पर नाजायज वसूली का आरोप भी लगाया है। छात्राओं ने कहा कि छात्रावास की सभी छात्राओं से प्रति छात्रा 2200 रुपये परीक्षा फॉर्म के नाम पर प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार द्वारा खुद वसूले गए और रसीद भी नहीं दी गई।



# प्रतिभा: खेल खेल में जीवंत मूर्तियां बना देता है कमरपुर का आठ वर्षीय फिरोज



**केटी न्यूज/बक्सर**

परिंदों को तालीम नहीं दी जाती है उड़ानों की, वे खुद ही छू लेतें है बुलंदिया आसमानों की... इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है 8 वर्षीय फिरोज ने। वह मूल रूप से चौसा प्रखंड के पवनी पंचायत अंतर्गत जोकही गांव के मजनू हज्जा का पुत्र है तथा सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय कमरपुर में वर्ग दो का छात्र है। अभी उसके दुध के दांत भी नहीं टूटे है, लेकिन वह बड़ी कुशलता से मिट्टी की मूर्तियां बना लेता है। उसकी बनाई मूर्तियां काफी जीवंत हो रही है। खास यह कि बिना किसी प्रशिक्षण या संसाधन के वह स्वतः की प्रेरणा से भगवान गणेश, हनुमानजी तथा अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां बना रहा है। उसके इस प्रतिभा से विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्ञानचंद राय काफी प्रभावित है। उन्होंने बताया कि मात्र पांच महीना पहले ही उसका नामांकन हमारे विद्यालय में हुआ था। लेकिन वह पिछले एक साल से मूर्तियां बना रहा है। जबकि इसके लिए न तो वह कही प्रशिक्षण लेने गया था और न ही उसे किसी ने मूर्ति बनाने सिखाया है। जाहिर उसके अंदर यह प्रतिभा न सिर्फ नेचुरल है बल्कि कुट कुट कर भरी हुई है।

प्रधानाध्यापक ज्ञानचंद की मानें तो शुक्रवार को मध्याह्न के दौरान जब अन्य बच्चें एमडीएम खाकर खेल कूद रहे थे, इसी दौरान उसने गिली मिट्टी से भगवान गणेश की मूर्ति बना सबको चकित कर दिया। उन्होंने बताया कि इसके पहले उसका किसी स्कूल में भी दाखिला नहीं हुआ था। पांच महीना पहले उसके पिता उसे लेकर स्कूल में आए थे। तब हमलोगों को भी नहीं पता था कि पढ़ाई में औसत फिरोज मूर्तिकला में कितना दक्ष है। उसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह खेल खेल में जीवंत मूर्तियां बना देता है। फिरोज ने बताया कि उसे किसी ने मूर्ति बनाना नहीं सिखाया है। बल्कि मूर्तियों को देख वह एक साल पहले उन्हें बनाने का अभ्यास शुरू किया था और बहुत जल्दी ही उसकी मूर्तियां अच्छी व सुंदर बनने लगी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि यदि फिरोज को विशेष प्रशिक्षण मिले तथा उसके अंदर मौजूद नेचुरल मूर्तिकला को उभारा जाए तो राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मूर्तिकला में अपनी छाप छोड़ सकता है। लेकिन उसका परिवार निम्न मध्यमवर्गीय है। जिस कारण उसके पिता उसे किसी अच्छे संस्थान में प्रशिक्षण नहीं दिलवा सकते है। लिहाजा वह खुद के कौशल व जुनून के बदौलत ही आगे बढ़ सकता है। यदि सरकार व शासन प्रशासन इस नन्हें फनकार की प्रतिभा का कद्र कर उसे जरूरी प्रशिक्षण व तालीम दिलवाने में सहयोग करें तो फिरोज जल्दी ही उच्च कोटि का मूर्तिकार बन सकता है।

## एक नजर

### स्वतंत्रता सेनानी के आंगन से ली एक चुटकी मिट्टी

**केसठ।** प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर अभियान चलाया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के मंडल अध्यक्ष रतन राउत ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नया बाजार से अभियान की शुरूआत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भोला सिंह मौजूद थे। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी शिव विलास मिश्र के घर के आंगन से एक चुटकी मिट्टी लेकर अमृत कलश में भरा गया। वही जिलाध्यक्ष ने स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश को अंग्रेजी सत्ता से मुक्ति दिलाने वाले सेनानियों के जज्बे और देशभक्ति को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के इस कार्यक्रम के तहत हर घर से मिट्टी लेकर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका बनाने की योजना है। स्वतंत्रता सेनानियों के घर से ली गई एक चुटकी मिट्टी कलश में भरकर दिल्ली भेजी जाएगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का जयघोष भी किया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष नंदजी यादव, मुन्ना यादव, रिंकू सिंह, गुड्डू सिंह, कामेंद्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।



### कोचिंग करने गई छात्रा से छेड़खानी, 8 पर केस

**डुमरांव।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एक गांव में कोचिंग करने गई एक छात्रा को एक मनचले द्वारा पहले धोखे से वीडियो बनाया गया और फिर बाद में उसे वायरल करने की धमकी दे छेड़खानी किया गया। इतना ही नहीं वह छात्रा को डराकर जबदस्ती बात करने के लिए सीम लगा एक मोबाईल भी दिया। लेकिन पीड़िता घर आकर अपने परिजनों को आपबीती बताई। तब उसके परिजन युवक के घर परिजन उसके घर उलाहना देने गए। लेकिन युवक के परिजनों ने इनलोगों को डांट कर भगा दिया। जिसके बाद पीड़िता ने स्थानीय थाने में गुहार लगाई। पीड़िता के शिकायत पर मुकेश यादव समेत आठ पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एफआईआर दर्ज होते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### युवाओं के साथ मजाक कर रही केन्द्र सरकार

**केसठ।** नया बाजार में राजद के वरिष्ठ नेता सह डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनिल कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुमेश्वर यादव ने व संचालन नव निर्वाचित युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने किया। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। इस दौरान युवा राजद संघ की विस्तार किया गया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी पर चर्चा की। बैठक को सम्बोधित करते हुए राजद नेता पप्पू यादव ने कहा कि पूर्व में केंद्र सरकार के द्वारा युवाओं को रोजगार देने की बात कही जा रही थी। लेकिन आज रोजगार के नाम पर युवाओं से ठगी की जा रही है। वही रोजगार की सारी वैकेंसिया बंद कर दी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार से गरीबों का सम्मान ही नहीं पहचान भी खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि आज युवाओ का दौर है और ये दलालों की सरकार युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। श्री यादव ने कहा कि गरीबों के नेता लालू प्रसाद यादव है जो इतने प्रताड़ित होने के बाद भी गरीबों, किसानों, मजदूरों, शोषित, पीड़ितों, दलितों के आधिकारों की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं।



## खबरें फटाफट

### विवाहिता के साथ मारपीट, चार पर केस

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव की एक विवाहिता ने अपने पति, ससुर समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता प्रतिमा देवी की शादी 2015 में उसके मामा नावानगर थाना क्षेत्र के कतलपुर गांव निवासी धनंजय पांडेय ने कोरानसराय के घनश्याम मिश्र के पुत्र प्रकाश मिश्र से करवाई थी। चुकी उसके पिता की मौत पहले हो गई थी। इस कारण मामा ने शादी करवाई थी। लेकिन अब उसे दहेज के लिए प्रताड़ित व मारपीट किया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही मामा ने उसका इलाज डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में करवाया। वही थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पेड़ों की छंटनी में ठप रही विद्युत आपूर्ति, लोग हलकान

केसठ। प्रखंड में आंधी पानी से आए दिन बिजली की समस्या बनी रहती थी। घंटों बिजली की आपूर्ति बाधित रहती थी। इस समस्या को दूर करने को लेकर बिजली विभाग ने कमर कस लिया है। इसको लेकर डुमरांव पावर ग्रिड के आसपास लगे पेड़ों के डालियों की छंटनी का कार्य रविवार को किया गया। जिसके कारण क्षेत्र में लगभग ढाई घंटे तक बिजली की आपूर्ति ठप रही। केसठ बिजली विभाग के जेई संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि डुमरांव में पेड़ों की डालियों की छंटनी के कारण क्षेत्र में रविवार को बिजली आपूर्ति बंद रही।वही इससे बाजार के उपभोक्ता भी प्रभावित रहे। हालांकि इसको लेकर विभाग ने पूर्व में सूचना जारी कर दी थी। बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता परेशान रहे। सबसे ज्यादा परेशानी उन दुकानदारें को झेलनी पड़ी, जिनका व्यवसाय पूरी तरह से बिजली पर आधारित है। कंप्यूटर, मोबाइल साइबर कैफे, टीवी मैकैनिक आदि बिजली नहीं रहने से परेशान रहे। हालांकि उम्मीद जताया जा रहा है कि बिजली डालियों की छटाई के बाद अब बिजली आपूर्ति दुरूस्त हो जाएगी।

## राजस्व की चोरी: वाहनों का रजिस्ट्रेशन प्राइवेट, हो रहा कॉमर्शियल उपयोग

# कॉमर्शियल वाहनों की जांच करेगी पुलिस पेपर में त्रुटि मिलने पर देना होगा जुर्माना

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडल के इलाके में चार पहिया वाहनों का प्राइवेट रजिस्ट्रेशन कराकर उसके मालिक धड़ल्ले से कॉमर्शियल उपयोग करने में जुटे है। शहर हो या ग्रामीण इलाका हर जगहों पर इसका नजारा देखने को मिलता है जबकि परिवहन विभाग के नियम के अनुसार यह अवैध है और इसके लिए जुमार्ना का भी प्रावधान बनाया गया है। ऐसी स्थिति में परिवहन विभाग को राजस्व के रूप में एक बड़ी राशि का नुकसान झेलना पड़ता है। बताया जाता है कि वाहन मालिक टैक्स बचाने के लिए ऐसा करते है, क्योंकि प्राइवेट वाहनों की अपेक्षा कॉमर्शियल वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए मालिकों को अधिक रुपये देने पड़ते है। इसलिए वाहन मालिक प्राइवेट का रजिस्ट्रेशन कराकर कमर्शियल का खुलेआम उपयोग करते है। इस स्थिति से निपटने के लिए अनुमंडल की पुलिस वैसे वाहनों के सभी कागजातों की जांच करेगी और त्रुटियां मिलने पर नये नियमों के अनुसार जुर्माना वसूला जायेगा। जांच के दौरान पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। अनुमंडल पुलिस मुख्यालय सूत्रों के अनुसार यातायात नियमों की जांच के बाद लोग बगैर हेलमेट सड़क पर नहीं निकलते। सरकार के इस नियमों से लोगों के अंदर डर महसूस होने लगा है। इस इलाके में हेलमेट नही पहनने से अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं के बाद चालक की मौत हो जाती थी। हेलमेट के बाद इन आंकड़ो में कमी आयी है।

बताया जाता है कि अनुमंडल पुलिस वाहन जांच के दौरान तीसरी आंख का भी इस्तेमाल करेगी। यातायात नियमों की जांच और कमर्शियल वाहनों के त्रुटि रहने पर कई जगहों पर वाहन चालक पुलिस के साथ गलत व्यवहार करते है, जिसकी रोकथाम को लेकर वीडियोग्राफी कराने का प्रावधान बनाया गया है। कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे के देखरेख में भी जांच चलेगा। इसके अलावे मोबाइल से भी वीडियो रिकॉर्डिंग की जायेगी। छोटे-बड़े वाहनों की जांच अभियान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के पुलिसकर्मियों से भी अभियान चलाने का निर्देश दिया जायेगा। जांच के बाद नये नियमों के अनुसार जुमार्ना वसूलते हुए चालान काटा जायेगा। बताया जाता है कि सरकार के पारित नियम के बाद भी ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से बगैर कागजात के नाबालिग भी तेजी से वाहन चलाते नजर आते है। पुलिस के इस अभियान से इस पर रोक लगने की संभावना बढ़ेगी।

**कृषि कार्य के लिए निबंधित वाहनों का भी हो रहा दुरूपयोग :** वाहनों के प्राइवेट रजिस्ट्रेशन के अलावे कृषि कार्य के लिए निबंधित टैज्क्टर का भी बड़े पैमाने पर व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। जानकारों की मानें तो अनुमंडल की सड़कों पर दौड़ने वाले अधिकांश टैज्क्टर कृषि कार्य के लिए निबंधित है। लेकिन उन टैज्क्टरों से मिट्टी ढुलाई, बिल्डिंग मेटेरियल की ढुलाई तथा अन्य व्यवसायिक उपयोग किए जाते है। बताया जाता है कि कृषि कार्य के लिए टैज्क्टर की खरीद पर बड़ी सब्सिडी मिलती है। सब्सिडी का लाभ लेने के साथ ही कथित किसान उक्त टैज्क्टर का व्यवसायिक उपयोग कर मोटा मुनाफा कमाते है। जबकि उन्हें टैक्स मात्र कृषि वाला देना पड़ता है। जिससे सरकार को एक तरफ सब्सिडी को तो दूसरी तरफ राजस्व का चुना लग रहा है। परिवहन विभाग की उदासीनता से ऐसा करने वालों के मनोबल बढ़े हुए है।

> “ सभी थाना क्षेत्रों में वाहन जांच अनवरत चलेगा। खासकर प्राइवेट व कृषि कार्य के लिए निबंधित वाहनों के व्यवसायिक उपयोग की निगरानी भी की जाएगी। ऐसा करने वाले चालकों से जुमार्ना वसूला जाएगा।
>
> *- अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव*

# बिजली के तार की चपेट में आने से अधेड़ की मौत परिजनों के क्रंदन एवं चित्कार से माहौल गमगीन

**केटी न्यूज/केसठ**



प्रखंड के दंगौली गांव में रविवार को एक अधेड़ की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया।

जानकारी के अनुसार हरि टोला गांव निवासी 48 वर्षीय नन्हकू पासवान दंगौली गांव में किसान के यहां खाद छिड़कने गए थे। इसी दौरान खेत में ही बिजली के करंट की चपेट में आ गए। जिसके स्पर्श होते ही शरीर में करंट प्रवाहित होने लगी। वह करंट की चपेट में आकर छटपटाने लगा। उसकी आवाज सुनकर स्थानीय लोग पहुंचकर बिजली से दूर किया। तब तक मौके पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सोनवर्षा ओपी पुलिस को दिया। मौके पर पहुंच सोनवर्षा ओपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। जानकारी के अनुसार नन्हकू अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था। वह मजदूरी का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। जैसे ही उसका शव घर पहुंचा परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी उर्मिला देवी का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ था। पत्नी रह रह कर बेहोश हो जा रही थी, जिसे आसपास की महिलाएं ढांढस बंधा संभालने का प्रयास कर रही थी। उधर बच्चें भी अपने सर से पिता का साया उठ जाने के कारण चित्कार मार कर रो रहे थे। जिसे सबकी आंखें नम हो जाती थी। आलम यह था कि पड़ोसियों तथा रिश्तेदारों के ढांढस का हर मरहम इनके आंसुओं को रोकने में नाकाम था। इस दौरान मौके पर केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान, भाकपा माले के प्रखंड सचिव लाल प्रसाद, सरपंच जयशंकर महतो ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और मुआवजा दिलाने को लेकर आश्वासन भी दिया।

## मणियां दयानंद आर्य प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित हुआ वेदों की ओर लौटे कार्यक्रम

# वेदों की ओर लौटकर ही भारत को विश्वगुरू बना सकते हैं

**केटी न्यूज/नावानगर**



नावानगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दयानंद आर्य प्लस टू उच्च विद्यालय मणियां में रविवार को वेदो की ओर लौटे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय के संस्थापक तथा भारतीय संस्कृति के रक्षक व वेद मार्तण्ड स्व आचार्य विश्वनाथ सिंह के 36 वें स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम स्व आचार्य के परम शिष्य हरिनारायण आर्य एवं सिद्धेश्वर शर्मा के आचर्यत्व में संपन्न किया गया। जिसकी शुरूआत अग्निहोत्र तथा वेदोपदेश से हुई। इसके बाद वकील सिंह यादव की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्व. आचार्य तथा उनके सहयोगी रहे स्व आत्मा सिंह की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसके बाद स्व आचार्य की वेदस्वरूपा चारों पुत्रियों मंजू, उषा, गीता एवं मीरा ने उपस्थित छात्रों को सद्बुद्धि, सद्विचार युक्त श्रेष्ठ जीवन निर्माण की अभिप्रेरणा दी। वही विद्यालय की छात्राओं ने छोटे-छोटे लेकिन प्रेरक दृश्यों की प्रस्तुति कर समाज व राष्ट्र में व्याप्त कुरीति, अंधविश्वास तथा पाखंडो पर करारा प्रहार किया। वक्ताओं ने समाज में वृद्धों के अनादर, बेटियों की चरम सीमा पर अपमान, युवाओं तथा बच्चों में नैतिक पतन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यदि इन कुरतियों तथा पाखंडों से मुक्ति दिलाना है तो हमें वेदों की ओर लौटना होगा। वेदों की ओर लौटकर ही हम भारत को फिर से विश्वगुरू बना सकते है। मौके पर उपस्थित डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुशवाहा ने आर्य समाज के स्तंभ स्व. आचार्य के उदार जीवन चरित से प्रभावित होकर छात्राओं की जागृति की जमकर प्रशंसा की। मौके पर विद्यालय के स्थापना काल के शिक्षक खूबलाल प्रसाद, प्रखंड प्रमुख अंकित यादव, जिला पार्षद राजीव कुमार यादव, पूर्व प्रमुख अयोध्या सिंह, मणियां पंचायत के मुखिया रामदेव सिंह, वैद्य जगनारायण सिंह, शिक्षक बिरेन्द्र सिंह, अधिवक्ता दीनानाथ सिंह आदि प्रबुद्धजनों ने आचार्य के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उन्हें आज के युग का महामानव बताया। मौके पर भदवर मुखिया कन्हैया महतो, हरिहर सिंह, काशीनाथ सिंह, ललन सिंह, केदार सिंह, अयोध्या सिंह, भिखारी सिंह, कमलेश सिंह, विद्यालय प्रधान ज्ञानचंद, रंजन कुमार, धनजी सिंह, संजय सिंह, शंकर कुमार, इशरत जहां समेत कई अन्य उपस्थित थे।



# जदयू ने मशाल जुलूस निकाल कर जन विरोधी नीति का किया विरोध

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जदयू ने 7 से 12 सितम्बर तक राज्य में केंद्र की बीजेपी सरकार के खिलाफ पोल खोल अभियान तहत आज सदर प्रखंड एवम घोषी प्रखंड में रणधीर पटेल एवम विनोद केशरी जी अध्यक्षता में मशाल जुलूस गांधी मूर्ति से अंबेडकर चौक तक मशाल जुलूस निकाल कर जन विरोधी नीति का विरोध किया।जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा जी ने कहा की इस अभियान का मकसद केंद्र की बीजेपी सरकार ने अनुसूचित जाति पिछड़ा ,अति पिछड़ा, एवम अन्य कमजोर वर्ग विरोधी चेहरे को उजागर करना है।इसको लेकर वैसे तमाम मुद्दों को जनता के बीच ले जाने की कोशिश है जिसका की प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सीधा प्रभाव जनता पर पड़ता है।

गोपाल शर्मा ने पोल खोल अभियान के दौरान उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण बिंदु को रखा क्या बीजेपी की आनुसंगनिक संस्था यूथ फॉर इक्वलिटी और एक सोच एक प्रयास आरएसएस और भाजपा से नही जुड़ी है?क्या सच है की बीजेपी ने




जिस यूथ फॉर इक्वलिटी और एक सोच एक प्रयास जो आरक्षण विरोधी संस्था है उनकी मदद से जातीय गणना के मामले को पटना हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने का आरोप जदयू की तरफ से बीजेपी पर लगाया जा रहा है. एक साजिश के तहत जातीय गणना रोकने का साजिश किया।

इसके अलावा भाजपा पर अति पिछड़ा आरक्षण का विरोधी है भाजपा सरकार. भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी सहित कई मुद्दे हैं, उन सब को लेकर भी बीजेपी पर निशाना साधा जा रहा है. आज इस अभियान में इन्हीं सब मुद्दों को जनता के बीच ले जाने की बात इस मशाल जुलूस में जदयू सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी,विधानसभा प्रभारी रविंद्र पटेल,विधान सभा प्रभारी शत्रुघ्न पासवान,पूर्व प्रदेश सचिव जय प्रकाश नारायण चंद्रवंशी,महेंद्र कुमार सिंह ,जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु, नरेंद्र किशोर शर्मा, जुदागी मांझी, मनोज चंद्रवंशी, प्रमिला कुशवाहा, नगर अध्यक्ष चंदन कुमार जुदागी मांझी,विनोद केशरी,अनुज निराला, वीरेंद्र कुशवाहा ,मुकेश शर्मा, जुगेश दास,रिंकी मालाकार, मनोरमा देवी, मनीष शर्मा, राजेश शर्मा, रौशन कुमार,मनोज कुमार ,डोमन प्रसाद, विकास कुमार, अंकित कुमार,अभिराम कुमार, बब्लू कुमार,राजेश मालाकार, शम्मशाद आलम,कारू शर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### पशुपालन विभाग के रिटायर्ड कर्मी के बन्द घर से लाखों की चोरी, छानबीन में जुटी पुलिस



**जहानाबाद।** पशुपालन विभाग के रिटायर्ड कर्मी कृष्ण प्रसाद के बंद घर को चोरो ने निशाना बनाते हुए घर मे रखे 20 हजार नगद समेत लाखो रुपये के आभूषण पर हाथ साफ कर लिया और मौके से फरार हो गया। घटना नगर थाना क्षेत्र के बभना गांव की है। परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व पड़ोसी से विवाद हो गया था जिसे लेकर पड़ोसी ने मेरे फैमिली के ऊपर केस दर्ज करा दी है। केस होने के बाद हमलोग घर मे ताला बंद कर अपने गांव चले गए थे। रविवार की सुबह जब घर आये तो देखा कि घर के अंदर के सारा कमरा का ताला टूटा हुआ है और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। गोदरेज में रखे तकरीबन पांच लाख के सोने चांदी के आभूषण एवं नगद 20 हजार पांच सौ रुपये गायब है। जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी है।

### ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत



**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ रेलवे स्टेशन के समीप डाउन लाइन पर रविवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। ट्रैक पार करने के दौरान महिला ट्रेन की चपेट में आ गयी, जिससे शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। उससे देर तक अफरातफरी मची रही। मृत महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़का डुमरा गांव निवासी स्व.कृष्णा राम की 54 वर्षीया पत्नी मोती सुंदर देवी थी। वह वर्तमान में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चौराई गांव में रहती थी। परिजन सुषमा देवी ने बताया कि उनके पति की दो वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी। उसके बाद उन्होंने अपने ससुराल के हिस्से को बेचकर चौराई गांव में जमीन ले ली थी। वह उसी जमीन पर मढ़ई लगाकर रहा करती थी।

### संपत्ति विवाद में मां-बेटी की पिटाई

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली मोहल्ले में रविवार की सुबह संपत्ति विवाद में मां-बेटी की जमकर पिटाई कर दी गई। उसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घायलों में बिंद टोली मोहल्ला निवासी कामेश्वर प्रसाद की 50 वर्षीया पत्नी प्रेमी देवी और उनकी 26 वर्षीया पुत्री रूबी कुमारी शामिल है। प्रेमी देवी ने बताया कि उनके पति के मौत के बाद उनके मां-बाप द्वारा उन्हें मायके में घर में हिस्सा देकर यही बसा दिया। उनके तीन भाई और तीन भौजाई हैं। उनमें दो भाई और भौजाई उन्हें कुछ नहीं बोलती। लेकिन उनकी एक भौजाई उन्हें बराबर घर से निकल जाने को कहती है।

### भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी का किया गया स्वागत

**डुमरांव।** रविवार को भाजयुमो बिहार प्रदेश के प्रदेश प्रभारी बने तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह का डुमरांव में भाजयुमो कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। नगर भवन में आयोजित स्वागत समारोह की अध्यक्षता मोर्चा के नगर अध्यक्ष धनंजय पांडेय व संचालन जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया। इस मौके पर कार्यकताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भोला सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी, नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार समेत बड़ी संख्या में युवा मोर्चा व भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## करीब दर्जन भर राउंड फायरिंग की चर्चा, पुलिस ने किया इन्कार

# अवैध बालू खनन को लेकर बीच सोन में दो गुटों में भिड़ंत, फायरिंग से मची अफरातफरी

**केटी न्यूज/आरा**

◆भोजपुर के सीमावर्ती पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में स्थित टापू की रविवार की दोपहर की वारदात

◆अपराधियों की पहचान और धरपकड़ में पटना व भोजपुर पुलिस संयुक्त रूप से कर रही कार्रवाई

सोन में अवैध बालू खनन को लेकर दो गुटों के बीच रविवार की दोपहर भिड़ंत हो गयी। उस दौरान दोनों गुटों के बीच जमकर फायरिंग भी हुई। करीब दर्जन भर राउंड फायरिंग की चर्चा चल रही है। हालांकि गोलीबारी की घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। फायरिंग की वारदात भोजपुर के सीमावर्ती पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में सोन नद स्थित एक टापू की बतायी जा रही है। फायरिंग की सूचना मिलते ही कोईलवर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार दलबल के साथ पहुंचे और छानबीन की।

भोजपुर और पटना पुलिस टीम संयुक्त रूप से अपराधियों की पहचान एवं धरपकड़ में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि कोईलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा के समीप रविवार की दोपहर अचानक सोन नदी में गोलियां की तड़तड़ाहट शुरू हो गयी। उससे दोनों इलाकों में सनसनी मच गयी। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली कि सोन के बीच सुरौंधा क्षेत्र के आगे एक टापू पर अवैध खनन को लेकर फायरिंग की जा रही है।

सूचना मिलते ही कोईलवर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सत्यापन के क्रम में पता चला कि फायरिंग की घटना सुरौंधा क्षेत्र से आगे बिहटा थाना क्षेत्र में हुई है। उसके बाद बिहटा थानाध्यक्ष को घटना से अवगत करा दिया गया है। फिलहाल उस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की विधि व्यवस्था या किसी भी प्रकार किसी



के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। छानबीन के दौरान स्थानीय स्त्रोतों से पता चला कि अवैध बालू खनन में शामिल दो गुटों के बीच आपस में विवाद हुआ था। उसी में फायरिंग की गयी है।

पटना पुलिस के साथ मिल कर अपराधियों के खिलाफ आगे की विधि संगत कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि सोन नद भोजपुर और पटना के सीमावर्ती इलाकों में अवैध खनन को लेकर अक्सर गोलीबारी की घटनाएं होती रहती है। खासकर बिहटा इलाके में हाल में गोलीबारी की की वारदात हो चुकी है।

### पूर्व के विवाद में महिला मुखिया के घर पर रोड़ेबाजी, गाड़ियों के शीशे टूटे

◆गांव के ही चार लोगों के खिलाफ केस, फायरिंग करने का भी आरोप

**आरा।** भोजपुर के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के करबासिन गांव में शुक्रवार की रात पूर्व के विवाद में मुखिया माया देवी के घर पर हमला कर दिया गया। उस दौरान मुखिया के घर पर जमकर रोड़ेबाजी की गयी। उसमें दो लोग मामूली रूप से जख्मी हो गये। मुखिया की थार गाड़ी और तीन बाइक क्षतिग्रस्त हो गए। पथराव में कार का शीशा चकनाचूर हो गया। फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। हालांकि पुलिस की ओर से फायरिंग की घटना की पुष्टि नहीं की गयी है।

रोड़ेबाजी का आरोप गांव के ही चार लोगों पर लगाया गया है। इसे लेकर परिजन यशवंत सिंह के बयान पर चारों लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। यशवंत सिंह के अनुसार शुक्रवार की रात करीब साढ़े दस वह दरवाजे पर बैठे थे। तभी चारों आरोपितों आ पहुंचे और गाली-गलौज और रोड़ेबाजी करने लगे। उस दौरान फायरिंग भी की गयी। रोड़ेबाजी में मुखिया की न्यू थार कार और तीन बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। इधर, इस मामले में दूसरे पक्ष की निशु देवी की ओर से ही मुखिया के परिजनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि मामला आपसी विवाद का है। किसी बात को लेकर दोनों पक्ष के महिलाओं के बीच विवाद हुआ था। उसके बाद विवाद में दोनों पक्ष के पुरुष भी कूद पड़े और दोनों ओर से रोड़ेबाजी की गई। उन्होंने फायरिंग की पुष्टि नहीं की है। कहा कि दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सैंकड़ों लोगों ने शपथ लेकर ग्रहण की लोजपा (रा) की सदस्यता

**जहानाबाद ।** जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा) डॉ इंदु कश्यप के नेतृत्व में आज सुबह 11 बजे से 3 बजे तक जहानाबाद स्थित अरवल मोड़ पर कैंप लगाकर सैंकड़ों लोगों को शपथ पत्र देकर लोजपा (रा) पार्टी के लिए सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमे सैंकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण कर श्री चिराग पासवान के पार्टी के साथ साथ पूरे प्रदेश को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। डॉ इंदु कश्यप ने कहा कि मेरी तमाम जहानाबाद वासियों के आग्रह है कि आप जितनी ज्यादा संख्या में इस अभियान में शामिल होंगे उतना ही माननीय श्री चिराग पासवान जी हाथ मजबूत होगा और हमारी पार्टी के ₹बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट₹ के विजन डॉक्युमेंट से पूरे बिहारियों के मान सम्मान, बिहाररियों के प्रतिभाओं का, युवाओं का रोजगार, महिलाओं का सम्मान, किसान, मजदूर, युवा सबके विकास का बात हो सकेगा। सबका साथ सबका विकास। यही हमारी पार्टी का संकल्प है। अंत में कश्यप ने कहा कि लोगों में काफी ऊर्जा के साथ काफी उत्साह भी देखा गया। आज 200 से अधिक लोगों ने सदस्यता का ग्रहण कर लिया है और पार्टी के द्वारा पूरे जहानाबाद से 25 हजार सदस्यता ग्रहण कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### राजद अकलियत प्रकोष्ठ का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल अकलियत प्रकोष्ठ का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को इरकी स्थित पप्पु मल्लिक के मैरेज हॉल में आयोजित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे अकलियत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक डॉ अनवर आलम का कार्यकताओं ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। एक दिवसी कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी 2024 के लोकसभा एवं 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर डॉ अनवर आलम ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मजबूती से लड़कर अधिक से अधिक सीट हासिल करना है, ताकि लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव का हाथ मजबूत हो। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज सबसे बड़ा खतरा संविधान और लोकतंत्र को है। जहां घृणा और नफरत का माहौल खड़ाकर के राष्ट्रीय भक्ति के नाम पर राष्ट्र को विखण्डीत करने की साजिश चल रही है।

## उद्घाटन के लिए तरस रहा 1.60 करोड़ की लागत से बना सामुदायिक भवन, तीन वर्षों से लटक रहा ताला

◆उदघाटन नहीं होने से अनुपयोगी बना है दो मंजिला सामुदायिक भवन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर के पॉश इलाके में एक करोड़ 60 लाख की लागत से बन कर तैयार दो मंजिला सामुदायिक भवन में तीन वर्षों से ताला लटक रहा है। इस भवन के लोकार्पण के इंतजार में उम्मीदों की डोर अब टूटने लगी है। शादी-विवाह के मौसम में भी गरीब परिवारों की हसरत पूरी होने की संभावना मंद पड़ गयी है। देखरेख के अभाव में भवन पर धूल की मोटी परते जमने लगी है।

शहरी गरीब के बेटे-बेटियों की शादी विवाह जैसे कार्यक्रम को लेकर राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह ने अपनी निधि से राशि मुहैया कराकर इस भवन को भव्य रूप दिलाया था। इस आलीशान भवन मे मूलभूत सुविधाओं का प्रबंध



कराया गया है ताकि शहरी आवोहवा में गुजर बसर करने वाले गरीबों को यह लाभ मिल सके। इस भवन में एक साथ दो कार्यक्रम आसानी से संपन्न हो सकते है।

आसपास के रहने वाले मोहल्लेवासी विजय यादव, रमन कुमार, सोखी कुम्हार, लकी यादव आदि कहते है कि एनएच 120 सड़क के किनारे बना यह भव्य भवन से काफी आस जगी थी लेकिन तीन वर्षों से उद्घाटन नहीं होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी है। वैसे गरीब जगह के अभाव में अपने बेटे-बेटियों की शादी करने के लिए इधर उधर भागदौड़ करते है। अगर इसका लोकार्पण होता है तो मांगलिक गीतों की गूंज सुनाई देने लगेगी। बता दें कि शहर के मुख्य सड़क पर विभाग ने इस योजना को लेकर चार हजार वर्ग फुट जमीन को अधिग्रहण किया है। इस जमीन पर पर्यावरण रहित गेस्ट हाउस, वाहनों की पार्किंग सुविधा, चारों तरफ पांच फीट चौड़ी गैलरी, नीचे तल्ले पर बड़ा हॉल, किचन, शौचालय सहित चार कमरे तथा दूसरे तल्ले पर गेस्टों के लिए दो सुसज्जित कमरा, बड़ा हॉल जिसमे सौ कुसीर्यान, बिजली, पानी आदि की सुविधा मुहैया करायी गयी है। लेकिन इतना सुविधा होने के बावजूद सिर्फ उदघाटन के अभाव में यह सामुदायिक भवन अनुपयोगी बना है। जिससे शहरवासियों में व्यवस्था के प्रति नाराजगी है।

लोगों का कहना है कि जनता के गाढ़ी कमाई के पैसे से भवन तो बनवा दिया गया है लेकिन शासन प्रशासन को इसके उदघाटन की सुधि नहीं है। जिससे यह लोगों को मुंह चिढ़ाते नजर आ रहा है। लोगों ने इस सामुदायिक भवन का अविलंब लोकापर्ण करा इसे आम जनता के लिए सौंपने की मांग की है।

### मरीज की जान बचाने के लिए युवा समाजसेवी ने किया रक्तदान

**जहानाबाद।** युवा समाजसेवी हैं रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर न जाने कितने जीवन को बचा चुकें हैं वे युवा हैं अमित कैप्टन, रक्तदान से जुड़ी बात जहां हो रही है वहां लगातार हम अमित कप्तान का नाम सुन रहे हैं बीते दिनों भी जब अस्पताल में भर्ती एक महिला मरीज को रक्त की जरूरत पड़ी थी और जान पर बात बनी थी, तो उनकी पहल से ही एक युवा ने अस्पताल में आकर रक्तदान किया था और महिला की जान बचाई थी इसी बीच फिर से एक बार अमित कैप्टन ने इंसानियत की मिसाल पेश की है जहां डेंगू से पीड़ित एक मरीज की जान रक्तदान कर बचाई है रविवार को उन्होंने सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया, इस संबंध में अमित कप्तान ने कहा कि हमारा रक्तदान करने का बस यही मकसद होता है कि हमारे रक्त से किसी की जीवन बच सके बस इसी उद्देश्य के साथ लगातार मैं रक्तदान करते आ रहा हूं और आगे भी करूंगा।




## राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक का किया गया जोरदार स्वागत

# मनीष ने बढ़ाया जिले का मान, लेनी चाहिए सीखः डीईओ

**केटी न्यूज/बक्सर**

सिमरी के प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक व शिक्षक दिवस पर पटना में शिक्षा मंत्री के हाथों राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने वाले मनीष कुमार शशि के सम्मान में बक्सर में शिक्षा विभाग द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया था। इस समरोह में उन्हें डीईओ सहित विभागीय पदाधिकारियों ने सम्मानि कर उनका हौसला बढ़ाया। डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि 15 वर्षों के बाद जिले के किसी शिक्षक को यह सम्मान मिला है।

लिहाजा यह काफी खास है तथा अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि तपस्या, साधना,



कड़ी मेहनत तथा चुनौतियों का सामना करने वाले इंसान हीरा की तरह तरास कर समाज के सामने आते रहे हैं। बता दें कि शिक्षक डा मनीष कुमार शशि को शिक्षक दिवस पर पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में शिक्षा मंत्री प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रशेखर द्वारा राजकीय शिक्षक सम्मान दिया गया।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा रजनीश कुमार उपाध्याय ने डॉक्टर मनीष को एक सक्रिय और अनवरत अपने कार्य के प्रति समर्पित शिक्षक बताया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा अभियान भोजन नाजिश अली ने कहा कि वे सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं विद्यालय कार्य के साथ-साथ सहयोग की भावना रखते हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा चंदन कुमार द्विवेदी ने डॉक्टर मनीष को एक कर्मठ इमानदार और शिक्षार्थी के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शिक्षक की श्रेणी में संदेश में रखा। कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका प्रमोद कुमार चौबे ने निभाई। मौके पर कृष्ण प्रसाद, रंजन कुमार, अंजू कुमारी के साथ-साथ शिक्षक प्रतिनिधि अनीता यादव, सुरेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार चौबे, धनंजय मिश्र, विकास कुमार, शाहिद अली, सुरेंद्र प्रसाद, विपिन प्रसाद, रोहित मिश्र, संजू श्रीवास्तव, उषा कुमारी, मीना विश्वकर्मा, गुड्डू, सुनील, हरेंद्र, रोशन, संजय, कमलेश, अमरेश, अनिल, मुकेश, हैदर, आचार्य फुलेन्द, सुनीता कुमारी, लालसा कुमारी, निर्मला कुमारी समेत कई अन्य शिक्षक व कर्मी मौजूद थे।



# भारत माता की जय नारे के साथ निकाली अमृत कलश यात्रा

**केटी न्यूज/बलिया**

सिविल लाइन स्थित टैगोर नगर में भाजपा केंद्रीय कार्यालय पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी फेफना विधानसभा के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के बाद राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका के निर्माण के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन नगर के टैगोर नगर कॉलोनी में किया गया।

आपको बताते चले कि राष्ट्र और बहादुरों की उपलब्धियों को जश्न मनाने को लेकर आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान मेरी माटी मेरा देश के तहत भाजपा के पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी के नेतृत्व में बैठक के बाद अमृत कलश यात्रा निकाली गयी। जो टैगोर नगर कालोनी का भ्रमण किया। जहां कार्यकताओं ने भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारे बुलंद किया।

बैठक में पदाधिकारियों से अभियान को गांव, पंचायत, ब्लॉक, शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जनभागीदारी को बढ़ावा देने का आह्वान पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया। कहा कि विभिन्न प्रतियोगिता,



खेलों, आदि के माध्यम से इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को जोड़े। इस अभियान के तहत फेफना विधानसभा में गौरी भैया के नाम से खेल प्रतियोगिता आयोजित करने की सहमति बनी जिसके क्रम में श्री तिवारी ने कहा कि प्रत्येक गांव से खिलाड़ियों को स्पर्धा में सम्मिलित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कार्यकताओं से सहकारिता क्षेत्र में सदस्य बनने एवं मतदाता सूची में प्रत्येक परिवार को एक-एक सदस्य को सम्मिलित करने का लक्ष्य दिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र पांडेय, विधानसभा संयोजक टुनटुन उपाध्याय, नगर पंचायत चितबड़ागांव के चेयरमैन अमरजीत सिंह, सचितानंद सिंह, बृजनाथ सिंह, बब्बन राय, मंडल अध्यक्ष मोतीचंद गुप्ता, भरत राय, मनोज सिंह, उमेश सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, अंजनी राय, आर्केश दुबे, सुनील राय, राजू सिंह, संजय दुबे आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 19 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक लखनऊ एक्सप्रेस रहेगी निरस्त

**बलिया।** बलिया रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली लखनऊ-छपरा-लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन 19 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। जिसकी जानकारी स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने दी है। आपके जानकारी के बता दे कि रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा के लिए उत्तर रेलवे के वाराणसी जक्शन यार्ड के रिमॉडलिंग कार्य चल रहा है। जिसके वजह से कुछ ट्रेनों का निरस्तीकरण तो कुछ ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन तो कुछ का मार्ग परिवर्तन किया गया है। इसी क्रम में छपरा से 20 सितम्बर से 15 अक्टूबर, तक चलने वाली 15083 छपरा-फरूर्खाबाद एक्स फरूर्खाबाद के स्थान पर लखनऊ जं. में 07.50 यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी ऐशबाग से फरूर्खाबाद के मध्य निरस्त रहेगी। वहीं फरूर्खाबाद से 21 सितम्बर से 16 अक्टूबर,तक चलने वाली 15084 फरूर्खाबाद-छपरा एक्स फरूर्खाबाद के स्थान पर लखनऊ जं. से 19.20 बजे चलायी जायेगी। यह गाड़ी फरूर्खाबाद से ऐशबाग के मध्य निरस्त रहेगी। कार्य पूरा होने के बाद पुनः निर्धारित समयानुसार निर्धारित रूट पर लखनऊ - छपरा - लखनऊ एक्सप्रेस चलने लगेगी।

## चोरी की दो बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल

**केटी न्यूज/बलिया**

बैरिया पुलिस ने रविवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे के लगभग दयाछपरा नौरंगा मार्ग पर स्थित काली मंदिर के पास से चोरी की दो बाइकों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर बैरिया थाने पर लाकर संगत धाराओं में कार्यवाही करते हुए न्यायालय के लिए चालान कर दिया है।

एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दयाछपरा में मौजूद वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय त्रिपाठी, उपनिरीक्षक अखिलेश्वर शर्मा, मुख्यआरक्षी रामनगीना यादव तथा आरक्षी सुधीर भारती को तुरंत मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करने के लिए भेजा गया। दयाछपरा-नौरंगा मार्ग पर स्थित काली मंदिर के पास दो बाइक से दो लोग आते दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस टीम ने रोक कर पूछताछ करना चाहा, उक्त दोनों लोग बाइक छोड़कर भागने का प्रयास किये लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें घेरकर दबोच लिया। उक्त दोनों लोग अपने-अपने बाइकों का कोई



कागजात नहीं दिखा सके। दोनों बाइक कब्जे में लेकर दोनों लोगों को थाने लाया गया।

उक्त अभियुक्त गंगा उस पार नौरंगा निवासी रविकांत ठाकुर व सोनू ठाकुर है, जो चोरी का पैशन एक्स प्रो व सुपर स्पलेंडर बाइक नंबर प्लेट बदलकर चला रहे थे, और आज उक्त दोनों बाइकों को कहीं बचने के लिए ले जा रहे हैं। पूछताछ में दोनों युवकों ने दोनों बाइकों के चोरी का होना स्वीकार किया। एसएचओ ने बताया कि इस बाबत संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के लिए चालान कर दिया गया।

### अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने किया प्रतिभाग

# नए उद्योग की स्थापना से सभी क्षेत्रों के लोगों को मिलेगा रोजगार: असीम

**केटी न्यूज/बलिया**

समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट के गंगा बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण शामिल हुए। मौके पर समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित 11 मुख्य योजना की जानकारी दी गई। इसमें मुख्य रूप से शिक्षा, कौशल एवं उद्यमिता के बारे में चर्चा की गई।

राज्य मंत्री असीम अरुण अपने उद्बोधन में वहां बैठे सभी जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सभागार में उपस्थित नागरिकों का आभार जताया और कहा कि हमारा देश वर्तमान में महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। अमृतकाल शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को एक लाख ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें प्रत्येक व्यक्ति की आय चार गुना करनी पड़ेंगी। इसके लिए हम मजबूती से सड़क, रेलवे और



औद्योगिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं। हम ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट के माध्यम से विश्व के उद्यमियों को आकर्षित करने में सफल रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश का एक तिहाई निवेश पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्थापित होगा। नए-नए उद्योग की स्थापना से सभी क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा। बहुत से छात्र-छात्राएं या नागरिकों को डेयरी, रेशम, कृषि या अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने विधायक केतकी सिंह के पुराने कपड़े के उन उपयोग के लिए कपड़ा स्टोर खोलने पर बधाई दी। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर हर साल करीब सौ लाभार्थी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्यसभा सांसद नीरज शेखर के जिले में वृद्ध आश्रम खोले जाने और सामान्य वर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की अनियमितता को सही कराने का भरोसा दिया।

वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि जो समाज अपने देश का इतिहास नहीं पड़ता है वह समाज नष्ट हो जाता है। उन्होंने गांधी के ग्राम स्वराज के सपने का उल्लेख किया और बताया कि गांव को स्वावलंबी और समृद्धिशाली बनाने के लिए गांव के हाथ से कम करने वाले लोगों को रोजगार से जोड़ना होगा। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में नेतृत्व में आज गांव के लोगों में सामाजिक समरसता का भाव बढ़ रहा है। गांव के लोगों को मोटे अनाज की खेती दुधारू पशुओं को खरीदने के लिए ऋण योजना के साथ सब्सिडी भी दी जा रही है। उन्होंने जनपद में मोटे अनाज की खेती का क्षेत्रफल बढ़ाने एवं प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित करने के लिए जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया। कहां की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने से ही गांव मजबूत होगा और इस तरह भारत विकसित राष्ट्र की और अग्रसर होगा।

राज्य सभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नौजवानों को दृढ़ संकल्पित होकर विकास कार्यों में योगदान देना होगा। खासकर बच्चियों जो आगे बढ़ना चाहती हैं उनको शिक्षा, रोजगार और उद्योग-धंधो सहित अन्य क्षेत्रों में आगे आना होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सकेगा और भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में विश्व में अपना पहचान स्थापित करेगा। सांसद रवीन्द्र कुशवाहा, संजय गोंड, जयप्रकाश साहू, डीएम रवींद्र कुमार, एसपी एस आनंद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शार्ट सर्किट से विकास भवन कार्यालय में लगी आग, मचा हड़कंप

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित विकास भवन कार्यलय में रविवार को शार्ट सर्किट से आग लग गया। घटना से ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल बिजली अधिकारियों को घटना से अवगत कराया घटना स्थल पर पहुचे बिजली अधिकारियों ने कनेक्शन काट कर किसी तरह आग पर काबू पाया और उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। मौके पर पहुचे अधिकारियों ने जांच पड़ताल कर तत्काल उसको दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

दरसल शनिवार को विकास भवन कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी शाम को कार्यलय बंद कर अपने अपने आवास पर चले गए। इसी दौरान रविवार की अल - सुबह विकास भवन कार्यालय के अंदर से धुंआ निकलने लगा। और देखते ही देखते आग की लपटों में तब्दील हो गया। यह नजारा देख सुरक्षा में तैनात कर्मियों में हड़कंप मच गया। और उन्होंने शोर गुल मचाना शुरू कर दिया।




## जिलाध्यक्ष ने किया कलश यात्रा का शुभारंभ

**चंदौली।** इलिया क्षेत्र में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ रविवार को तियरी गांव से भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने किया। जहां गांव के पुरुष महिलाओं ने घरों की छतों से फूल बरसाए।भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे घर घर जाकर स्वजनों से कलश में मिट्टी लेकर बलिदानियों को याद किया गया। इस अवसर उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की एकता अखंडता को समृद्ध बनाने के लिए हर घर से मिट्टी लेकर अमृत वाटिका बनाने का संकल्प लिया है। देश पर मर मिटने वाले बलिदानियों त्याग को भूलना नही चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह,आनन्द सिंह साहब,राकेश सिंह, मुन्नू सिंह, संतोष सिंह, अरविंद सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 73419 आपराधिक वादों का हुआ निस्तारण

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को सदर तहसील सभागार सहित विभिन्न न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार चतुर्थ ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं सुलह समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान 73419 वाद निस्तारित किए गए। इसमें 2431 लघु आपराधिक मुकदमे शामिल रहा। वहीं 985200 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। जबकि 12778012 रुपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया।

इस अवसर पर जिला जज सुनील कुमार चतुर्थ ने चार इजरा वादों का निस्तारण कर 207000



रुपये का समझौता राशि दिलाया। प्रभारी पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विनय कुमार सिंह ने 6 एमएसीटी वादों का निस्तारण कर 4513000 रुपये का समझौता राशि दिलाया। प्रधान न्यायाधीश एवं परिवार न्यायालय राकेश धर दुबे ने 26 वादों का निस्तारण किया। साथ ही 9 जोड़े। साथ भेजे गए। जबकि समझौता राशि 1282000 रुपये दिया गया। अपर जनपद न्यायाधीश डा. जया पाठक ने 4 इजराय वाद में 160000 रुपये समझौता राशि एवं एक अन्य वाद निस्तारित कर 500 रुपये का जुमार्ना वसूल किया। अपर जनपद न्यायाधीश एवं विशेष पाक्सो एक्ट राजेन्द्र प्रसाद ने 2 वादों का निस्तारण कर 1000 रुपया जुमार्ना वसूल किया। अपर जनपद न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने एक वाद निस्तारण किया। अपर जनपद न्यायाधीश विशेष (एससीएसटी एक्ट) अनुराग शर्मा ने 40 विद्युत वाद व 88 अन्य मामलों का समाधान किया।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 915 मरीज का हुआ उपचार

**केटी न्यूज/चंदौली**

जनपद के 21 ग्रामीण एवं दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने एवं कोविड-19 के लक्षणयुक्त मरीजों की जांच की गई। इसका शुभारंभ मूक चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर युगल किशोर राय ने किया।

दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले से गांव व शहरी क्षेत्र के गरीबों को इलाज की सुविधा कराई जा रही है। मुख्यमंत्री की एक सराहनी पहल है।कहा कि चिकित्सकों ने रविवार को कुल 915



मरीजों का उपचार किया गया। इसमें 351 पुरुष, 371 महिला एवं 193 बच्चे थे।

वहीं पांच लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाये गये कोविड हेल्प डेस्क पर 42 मरीजों का परीक्षण एवं पांच मरीजों का कोविड एन्टीजेन टेस्ट किया गया।इसमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटीव नहीं आई है। मलेरिया के कुल 36 टेस्ट हुए जिनमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई है। टीबी के लक्षणयुक्त चिन्हित किए गए मरीजों की संख्या 11 है।वहीं मेले में आए सभी मरीजों का उपचार करते हुए आवश्यक परामर्श एवं दवाएं वितरित की गई ।

## सोमवार से परिषदीय स्कूलों में आयोजित होगी निपुण आंकलन परीक्षा

**लखनऊ।** 'निपुण भारत मिशन₹ के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योगी सरकार सोमवार से निपुण आंकलन परीक्षा का आयोजन करने जा रही है। 11 से 16 सितम्बर तक चलने वाली इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा 1-5 तक के बच्चों का भाषा एवं गणित विषयों का तथा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का गणित एवं विज्ञान विषयों का आंकलन किया जाएगा। खास बात ये है कि परीक्षा ह्यसरल एपह्ल के माध्यम से ली जाएगी और पहली बार बच्चे ओएमआर शीट पर सवालों के जवाब देंगे। निपुण एसेसमेंट टेस्ट का पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन कराने के लिए जनपदों के बीएसए व डायट प्राचार्यों को निर्देश जारी किए गए हैं। शिक्षकों द्वारा सामुदायिक सहभागिता, होम विजिट के माध्यम से छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए भी कहा गया है।



### युवक द्वारा महिला को परेशान करने के संदर्भ में पंचायत भी हो चुकी है

# प्रेमी को घर बुला महिला सफाईकर्मी ने चाकू गोदकर मौत के घाट उतारा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बरेसर थाना अंतर्गत हुसेनाबाद गांव में रविवार की सुबह महिला सफाईकर्मी द्वारा प्रेमी की चाकू गोदकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आते ही लोगों के आश्चर्य का ठिकाना न रहा। घटना की सूचना मिलते ही गांव सहित पूरे इलाके में हड़कंप मच गई। किसी ने इस बात की सूचना बरेसर थाने को दी। सुरक्षा को देखते हुए सर्किल के सभी थानो की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। क्षेत्र के हुसेनाबाद गांव में एक युवक की हत्या उसकी प्रेमिका ने ही चाकू घोंपकर कर दी है।



रविवार की सुबह पुलिस को युवक का शव प्रेमिका के कमरे में बेड पर पड़ा मिला। पुलिस ने हत्यारोपी महिला को हिरासत में ले लिया है। उक्त महिला किसी गांव में सफाईकर्मी है। आरोपी महिला का कहना है कि वह (प्रेमी) मुझे परेशान करता था। गुस्से में आकर उसकी जान ले ली। बरेसर थाना क्षेत्र के मनोरथपुर गांव निवासी मनीष कुमार सिंह (26) बिहार में प्राइवेट नौकरी करता था। उसका पास के ही गांव हुसेनाबाद निवासी 35 वर्षीय महिला के घर आना-जाना था। वह दो बच्चों की मां है।

महिला का पति मध्य प्रदेश पुलिस में सिपाही है। युवक द्वारा महिला को परेशान करने के संदर्भ में पूर्व में पंचायत भी हो चुकी है। रविवार रात महिला के दोनों बच्चे उसी गांव स्थित पुराने घर पर अपने दादा के पास सोने गए थे। महिला अपने घर में अकेली थी। देर रात किसी समय मनीष भी पहुंचा। सुबह उसका लहूलुहान शव महिला के बेड पर मिला। पेट सीना और चेहरे पर चाकू से वार किया गया था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ जारी है। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि महिला से पूछताछ जारी है। उसका कहना है आरोपी उसके घर आता-जाता था। पूर्व में थाने में पंचायत भी हो चुकी है। लेकिन वह उसे परेशान करता था। इसी से आजिज आकर उसने घटना को अंजाम दिया है। मौके से आला कत्ल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ओमवीर सिंह ने बताया कि मृतक के पिता विष्णुदेव सिंह ने आरोपी महिला के खिलाफ नामजद तहरीर बरेसर थाने मे दी है। मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम के आदेश को दिखाया ठेंगा, कुपोषित बच्चों को नहीं कराया भर्ती

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) से बीते दिनों लौटाए गए दो कुपोषित? नौनिहालों को डीएम के निर्देश के बाद भी उन्हें भर्ती नहीं किया गया है। एक सप्ताह बीतने के बाद भी जिलाधिकारी के आदेश की अवहेलना करना विभाग की घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। इसी लापरवाही का नतीजा है कि रेवतीपुर ब्लाक के विभिन्न गावों को कुपोषण से मुक्त कराने में सफलता नहीं मिल पा रही है। लौटाए गए कुपोषित नौनिहालों के परिजन भी एनआरसी के इस गैर जिम्मेदराना रवैया से क्षुब्ध होकर वहाँ अपने नौनिहालों को नहीं ले जाना चाहते है। वह खुद निजी स्वास्थ्य केन्द्र या अन्यत्र ले जाकर कुपोषण से छुटकारा पाने में जुटे हैं। 28 अगस्त को ब्लाक क्षेत्र के एक केंद्र से दो कुपोषित बच्चे मिले हैं। जिन्हें बाल विकास विभाग के सीडीपीओ व अन्य कर्मचारी सीएचसी ले गए, जहां उन दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत एनआरसी के लिए रेफर कर दिया गया।

## एंटी रोमियो दस्ते ने प्रमुख चौराहों पर संदिग्धों से की पूछताछ



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर थाने की एंटी रोमियो दस्ते ने मिशन शक्ति के तहत प्रमुख चौराहों, बस अड्डों, स्कूलों, कोचिंग सेंटरों, गली- मुहल्ले आदि जगहों पर अभियान चलाकर बेवजह घूम रहे लोगों को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही महिलाओं को इसके प्रति जागरूक करते हुए उन्हें विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों के बारे में बताने के साथ ही पंपलेट वितरित किया गया। साथ ही महिलाओं को खुद की आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया गया। इस बीच एंटी रोमियो दस्ते की महिला आरक्षी पूनम सिंह ने छात्राओं को महिला अपराध के बारे में जानकारी दी। साथ में गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार से बताया। महिलाओं को लेकर चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। साथ में महिला हेल्प लाइन सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 और पुलिस अधिकारियों के सीयूज नंबर के बारे में जानकारी दी। इस दौरान महिला आरक्षी पूनम सिंह ने महिलाओं को बताया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर संबंधित थाने की एंटी रोमियो टीम या पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं के लिए जारी किए गए नंबरों पर बेझिझक कॉल करने को प्रेरित करने के साथ ही टीम ने युवती और महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ाया।

## वीर अब्दुल हमीद के 58वें शहादत दिवस पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

वर्ष 1965 के भारत और पाकिस्तान के बीच हुए भीषण युद्ध में पाकिस्तान को अमेरिका से मिले सात पैटर्न को नष्ट करने वाले दुल्लहपुर क्षेत्र धामुपुर निवासी वीर अब्दुल हमीद का 58वां शहादत दिवस 10 सितंबर को उनके पैतृक गांव धामपुर में उनके नाम से बने शहीद पार्क में मनाया गया।



बता दें कि हर साल इस मौके पर काफी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था, लेकिन इस बार जिला एवं पुलिस प्रशासन का कोई आला अधिकारी नहीं मौजूद रहा। परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद को श्रद्धांजलि देने मुख्य अतिथि मोसीम रजा, ज़िला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह, खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम, जखनियां विधायक वेदी राम, ग्राम सचिव राजकमल गौरव, सरवन सिंह सिटी हड्डी अस्पताल, सर्जन डॉ. केपी सिंह, समाजसेवी अनिकेत चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर शहीद को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के आयोजक वीर अब्दुल हमीद के पुत्र जैनुल हसन और उनके पोते परवेज आलम द्वारा किया गया। पूर्व राज्यमंत्री वक्फ हज अध्यक्ष मोहसिन रजा ने बताया कि ऐसे लोग देश की धरोहर होते हैं। उनके लिए जो कुछ भी किया जाए वह कम होगा। देश के सच्चे सपूतों में इनकी गिनती होती है। उधर सेना की तरफ से ब्रिगेडियर राजीव नारायण विशिष्ट सेवा मेडल की तरफ से लाए गए पुष्प चक्र को शहीद के प्रतिमा पर अर्पित किया। 39 जीआरसी की तरफ से ब्रिगेडिय राजीव नारायण विशिष्ट सेवा मेडल एवं कर्नल कुमार मनोज सिंह भी अन्य सेना के अधिकारी मौके पर उपस्थित थे। उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर सलामी लेते हुए माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। हर साल आर्मी की तरफ से यहां पर बैंड की धुन और सलामी का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, इस साल भी किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने जखनियां विधायक वेदी राम ने शहीद के सम्मान में गांव में वीर अब्दुल हमीद के नाम पर प्रवेश द्वार एवं शहीद के पार्क को पर्यटक स्थल की मांग शासन से कर रहा हूं। इसकी आवाज मैं विधानसभा में उठा चुका हूं। जल्द ही शासन से अनुमति मिल जाएगी।

## पति, पत्नी ने बेटी के साथ गंगा में लगाई छलांग, नाविकों ने बचाया

**गाजीपुर।** सैदपुर थाना क्षेत्र में पति, पत्नी ने अपनी बेटी के साथ गंगा में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद नाविकों ने गंगा में छलांग लगाने वाले पति,पत्नी और बेटी को किसी तरह बचा लिया। घटना रामकरन सेतु की है, जहां इलाज के लिए तीनों को वाराणसी ले जाया गया। सभी चंदौली के बलुआ इलाके के रहने वाले है। सैदपुर थाना क्षेत्र के रामकरन सेतु पर किसी कारण वश एक व्यक्ति अपनी पत्नी और बेटी के साथ पुल पर पहुंचा और गंगा में कूद गया। आस-पास मौजूद नाविकों ने उन्हें पानी से बाहर निकाला। इसके बाद तीनों को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। गंगा में छलांग लगाने वाला व्यक्ति,उसकी पत्नी और बेटी चंदौली के बलुआ इलाके के रहने वाले हैं। गंगा में छलांग लगाने के संबंध में पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही हैं।

## पराजित प्रत्याशियों ने मतगणना में धांधली का लगाया आरोप, एसडीएम को पत्रक सौंपा

**गाजीपुर।** पलिया बुजुर्ग ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान पद के रिक्त पदों के लिए हुए उप चुनाव के मतगणना का कार्य भांवरकोल ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को नोकझोंक एवं भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। मतगणना की घोषणा होते ही पराजित प्रत्याशियों ने निर्वाचन अधिकारी पर धांधली का आरोप लगाते हुए पुनः मतगणना करने की मांग करने लगे। इसे लेकर निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनसुना करने पर पराजित प्रत्याशियों ने तत्काल तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए उप जिला अधिकारी को पत्र देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। मतगणना समाप्त होने के बाद प्रधान पद के प्रत्याशी विमल कुमार गुप्ता, पप्पू यादव, दयाशंकर यादव ने उप जिलाधिकारी आशुतोष कुमार को ज्ञापन देकर मतगणना में धांधली का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि चुनाव समाप्ति के बाद जितने वोट मत पेटिका में बंद थे, गिनती के समय उतने मत उसमें नहीं पाए गए। गिनती के समय मतों की संख्या में कमी पाई गई। इस बात की शिकायत पराजित हुए सभी प्रत्याशियों ने निर्वाचन अधिकारी डॉ. सचिन कुमार सिंह से मिलकर की।






## करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**मऊ।** सराय लखंसी थाना क्षेत्र के गोड़ी की मठिया गांव में करंट की चपेट में आने से गम्भीर एक वृद्ध व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। बताया जाता है कि रामप्रसाद पुत्र स्वर्गीय धनगू 50 वर्ष निवासी गोड़ी की मठिया थाना साराय लखंसी रविवार को सुबह अपने घर के बगल के खेत में ट्यूबवेल का तार जोड़ रहे थे अचानक विद्युत की चपेट में आ गए । जब इस घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो परिजन मौके पर पहुंचकर आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया ।

## 19 अक्टूबर से ऐतिहासिक रामलीला

**मऊ।** चिरैयाकोट नगर के श्री रामलीला मंच पर शनिवार की देर शाम को आगामी रामलीला मंचन की तैयारियों को लेकर श्रीरामलीला समिति युसुफाबाद की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र जायसवाल ने बताया कि चिरैयाकोट की दस दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला का मंचन इस वर्ष 19 अक्टूबर से भूमि पूजन,सुंदरकांड तथा मुकुट पूजन के साथ आरंभ होगा और रामलीला का समापन 28 अक्टूबर को होगा। तत्पश्चात मंचन को लेकर सभी सदस्यों ने अपने - अपने सुझाव दिये। इस अवसर पर भूपेन्द्र मौर्य, महेंद्र पाण्डेय, सोहनलाल, रामकुमार जायसवाल, महेंद्र मौर्य, प्रकाश पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, गणेश मद्धेशिया व अन्य मौजूद थे।

## डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना से छात्रों को अध्ययन हेतु मिलेगा सुसंगत वातावरण

**केटी न्यूज/मऊ**

शहादतपुरा स्थित ऐम्बिशन लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने उक्त नवस्थाति डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपनी खुशी का इजहार करते हुये श्री जमाल ने कहा कि जैसे जैसे हमारी आवश्यकतायें दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रही हैं उसी के सापेक्ष दुनिया भी डिजिटलाइज होती जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस ऐम्बिशन नामक डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना कर श्री मनीश रावत ने नगर की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उक्त डिजिटल लाइब्रेरी के डायरेक्टर श्री रावत ने इस लाइब्रेरी में लगभग 150 सीटें स्थापित की हैं जिसके लिये मैं इन्हें और इनकी पूरी टीम को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि हम अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु टेक्नालाजी एवं नई नई तकनीकि का इस्तेमाल भी कर रहे हैं।



इसी कड़ी में यह डिजिटल लाइब्रेरी भी हमारे छात्रों के लिये अदभुत तौर पर इन्हें अध्ययन करने एवं इनके लक्ष्यों को पाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही अच्छा शुभारम्भ है क्यों कि जिन छात्रों के घरों में अध्ययन करने हेतु संसाधन एवं अनूकूल वांछित वातावरण उपलब्ध नहीं हैं उनके लिये यह डिजिटल लाइब्रेरी अत्यन्त अहम भूमिका निभाते हुये सुसंगत वातावरण उपलब्ध करायेगी। यहां पर अध्ययन के लिये वांछित संसाधनों के साथ आवश्यक वातवरण एवं मार्गदर्शक के रूप में अध्यापकों की उपस्थिति इन्हें उचित मार्गदर्शन भी देती रहेगी।

## उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत: सीएम

◆पं. गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

**केशव टाइम्स/ राज्य ब्यूरो**

लखनऊ,। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री व देश के पूर्व गृहमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर लोक भवन परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। प्रदेश की तरक्की और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्होंने सतत प्रयास किया था।



सीएम योगी ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ ने आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। उनकी कर्मठता, उनकी राष्ट्र निष्ठा व संगठन क्षमता को ध्यान में रखकर उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री पद का दायित्व दिया गया। वह स्वतंत्र भारत के उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने फिर उन्होंने गृहमंत्री के रूप में देश व प्रदेश की सेवा की।

## घोसी की जीत बड़ा संदेश है-संजय सिंह

**केशव टाइम्स राज्य ब्यूरो/ लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि घोसी उपचुनाव की जीत बड़ा संदेश है। यह 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले का बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा कि जनता ने जुमला पार्टी को हटाने का मन बना लिया है। पूरा सत्तापक्ष ह्यइंडियाह्ण के खिलाफ प्रचार कर रहा था पर जीत नहीं पाया।

आप के सांसद ने कहा कि जनता ने जुमला पार्टी को नकार दिया है। वे लोग घबरा कर इंडिया का नाम बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि घोसी चुनाव दलबदलुओं के लिए भी संदेश है। कहा कि इंडिया गठबंधन का हम लोग हिस्सा हैं। अक्टूबर तक सीट शेयरिंग फाइनल होना है, वह हो जाएगी और 2024 का लोकसभा का चुनाव हम मिलकर लड़ेंगे। संजय ने कहा कि आज चीन को लेकर भी चर्चा होनी चाहिए।





